भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश् न संख्या-1136
उत्तर देने की तारीख-13/12/2023

केवीएस और एनवीएस स्कूलों में रिक्त पद

1136 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के प्रत् येक स्कूल में स्वीकृत पदों, रिक्त पदों और उन पर तैनाती का राज्य-वार, श्रेणी -वार और संकाय-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान केवीएस और एनवीएस स्कूलों में से प्रत् येक में स्वीकृत, रिक्त पदों और उन पर नियुक्ति का राज्य-वार, श्रेणी -वार और समूह-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) द्वारा रिक्तियों का मूल्यांकन पदोन्नति , त्यागपत्र , सेवानिवृत्ति , मृत्यु आदि के साथ-साथ उन्नयन /नए विषयों की स्वीकृति और छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण रिक्तियों पर विचार करते हुए मानदंडों के अनुसार किया जाता है। केविसं और नविस द्वारा रिक्तियों के मूल्यांकन के अनुसार शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए केंद्रीकृत अधिसूचनाएं जारी की जाती हैं। केविसं और नविस में पूरी भर्ती प्रक्रिया केंद्रीय रूपसे की जाती है। हालाँकि, भारत सरकार द्वारा केविसं और नविस एससी, एसटी, ओबीसी और बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (दिव्यांगजन) को आरक्षण के लिए समय-समय पर जारी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और संबंधित संस्थान के प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। केविसं और नविस द्वारा शिक्षकों को अस्थायी अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर भी नियुक्त किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षण -अधिगम की प्रक्रिया में बाधा न आए।

नविस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनवरी, 2022 और जुलाई, 2022 में गैर-शिक्षण और शिक्षण कर्मचारियों के कुल 4125 पद विज्ञापित किए गए थे और पात्र योग्य उम्मीदवारों को 3719 नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिसंबर, 2022 में कुल 13411 शैक्षणिक और गैर-शिक्षण

पदों का विज्ञापन दिया गया था और पात्र योग्य उम्मीदवारों को 12548 नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए थे।

केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में विगत पांच वर्षों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र /संकाय/समूह-वार स्वीकृत, रिक्त और पदस्थ की स्थिति का विवरण निम्नलिखित लिंक में दिया गया है:

केविसं	https://kvsangathan.nic.in/sites/default/files/hq/AAN-12-12-2023.pdf
नविस	https://navodaya.gov.in/nvs/en/Academic/school-administration/Circulars-regarding-functioning-of-JNVs/#

*****